# हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला
## सतर्कता जागरूकता सप्ताह (दिनांक 30 अक्तुबर से 04 नवम्बर,2017)

### "मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत"

सप्ताह की शुरूआत में सतर्कता जागरूकता के लिए दिनांक 30.10.2017 को डॉ के एस कपूर, सतर्कता अधिकारी, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संस्थान के सभागृह में भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण करायी गई। तत्पश्चात सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के आयोजन और उनमें भाग लेने हेतु विचार-विमर्श किया गया । सप्ताह के दौरान संस्थान में प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताऐं जैसे- नारा लेखन, पोस्टर बनाना, निबंध लेखन, वादविवाद, कवितापाठ इत्यादि का आयोजन किया गया । संस्थान के डॉ राजेश शर्मा, वैज्ञानिक एफ द्वारा पंचायत-समूह के बीच तथा डॉ संदीप शर्मा, वैज्ञानिक-एफ द्वारा विद्यालय में जाकर भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु अपने-अपने विचारों को सांझा किया । सप्ताह भर में आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण तिथिवार इस प्रकार रहा-

| क्रम | दिनांक | गतिविधियॉं |
|---|---|---|
| 1 | 30/10/2017 | प्रातः 11.00 बजे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली गई एवं अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा भी की गई। सभा के दौरान संस्थान के सतर्कता अधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार मिटाने हेतु अपने-अपने बहूमूल्य विचार रखे । |
| 2 | 31/10/2017 | **नारा लेखन** - इस प्रतियोगिता में संस्थान के स्थायी एवं विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत अस्थाई कर्मचारियों ने भाग लिया । नारा लेखन प्रतियोगिता में 19 स्थायी/अस्थायी कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । श्री पंकज कुमार, क्षेत्र सहायक ने प्रथम, श्री दुष्यंत कुमार, तकनीकी अधिकारी ने द्वितीय तथा श्री नरेन्द्र कुमार, जेआरएफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।<br><br>**पोस्टर बनाना** - पोस्टर प्रतियोगिता में भी स्थायी-अस्थायी कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें श्री हरीश चौहान, परियोजना सहायक प्रथम, अजय कटोच, जेआरएफ द्वितीय एवं योगेश ठाकुर परियोजना सहायक तृतीय रहे। |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 01/11/2017 | **निबंध लेखन** - निबंध लेखन प्रतियोगिता में 16 स्थायी/अस्थायी कर्मचारियों ने "मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत" विषय पर हिंदी व अंग्रेजी में निबंध लिखकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फैंकने के अपने विचार प्रस्तुत किए । कु0 नेहा चौहान, जेआरएफ प्रथम, जीवन कुमार द्वितीय एवं कुलवंत राय गुलशन ने तृतीय स्थान हासिल किया ।<br><br>**वादविवाद** - संस्थान में विभिन्न कर्मचारियों द्वारा दो टीमे बनाकर भ्रष्टाचार के पक्ष-प्रतिपक्ष अपने अपने विचार प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया । टीम ए विजयी रही । |
| 4 | 02.11.2016 | **लेक्चर-पंचायत** - संस्थान के वैज्ञानिक डॉ राजेश शर्मा द्वारा पंचायत के बीच जाकर अपने विचार सांझा किए ।<br><br>**लेक्चर**-विद्यालय - डॉ संदीप शर्मा, वैज्ञानिक द्वारा राजकीय विद्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों को जागरूक किया । |
| 5 | 03.11.2016 | **कविता पाठ -** संस्थान के सतर्कता अधिकारी ने भ्रष्टाचार उन्मूलन विषय पर काव्यात्मक ढंग से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अपने विचार बांटे तथा कर्मचारियों द्वारा कविता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं तथा अन्य अधिकारियों ने मंच पर समा बांधा ।<br><br>**सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा-** मुख्य सतर्कता अधिकारी, भावाअशिप. द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने संबंधी पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशों की अनुपालना में सतर्कता अधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा का संकल्प दिलाया । |

**गतिविधियों की समीक्षा एवं पारितोषिक वितरण -** प्रतियोगिताओं के उपरांत सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंत में सभी गतिविधियों पर गहन चर्चा हुई व विस्तार से समीक्षा की गई । डॉ के.एस. कपूर, सतर्कता अधिकारी ने **मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत** विषय पर सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों को पूर्ण ईमानदारी से करने और भय अथवा पक्षपात के बिना कार्य करने के दृढ़निश्चय को सराहा ।

अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को डॉ के एस कपूर सतर्कता अधिकारी, एचएफआरआई, शिमला एवं संस्थान के अन्य प्रभागाध्यक्षों द्वारा प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए ।

अंत में श्री प्रदीप भारद्वाज, उप-अरण्यपाल ने **धन्यवाद प्रस्ताव** पारित किया ।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2017 – समारोह की झलकियाँ



















WELCOME
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE




हि.व.अ.सं.
HFRI




WASH ROOM


MALAYAN FOREST RESEARC
(Indian Council of Forestry Research & Edu


WELCOME
TO
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE
(Indian Council of Forestry Research & Education)


(Indian Council of Forestry Research & Edu


(30th Octo










(Indian Council of Forestry Research & Education)


(Indian Council of Forestry Research & Education)


WELCOME
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE
VIGILANCE AWARENESS WEEK